अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, RISHIKESH
राजभाषा प्रकोष्ठ

क्र. सं. - 62 /हिंदी सेल/एम्स-ऋषि/2025 दिनांक – 01.09.2025

परिपत्र

विषय- सरकारी कामकाज मूल रूप से हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहन योजना के संबंध में।

राजभाषा विभाग के दिनांक 16 फरवरी 1988 के कार्यालय ज्ञापन सं. II/12013/3/87-रा.भा.(क-2) के तहत सरकारी कामकाज में मूलतः हिंदी में टिप्पण/आलेखन के लिए प्रोत्साहन योजना संस्थान में भी लागू है। योजना का विवरण इस प्रकार है:-

1. **पात्रता**
   क) सभी श्रेणियों के वे अधिकारी/कर्मचारी इस योजना में भाग ले सकते हैं, जो सरकारी काम पूर्णतः या कुछ हद तक मूल रूप से हिंदी में करते हैं।
   ख) वर्ष में **कम से कम 20 हजार शब्द** हिंदी में लिखे हो। इसमें मूल टिप्पण व प्रारूप (ई-ऑफिस सहित) के अलावा हिंदी में किए गए अन्य कार्य जिनका सत्यापन किया जा सके, जैसे रजिस्ट्रर में इन्दराज़, सूची तैयार करना, लेखा कार्य आदि भी शामिल है।

2. **पुरस्कार** - भाग लेने वाले कर्मचारियों को प्रतिवर्ष उनके द्वारा हिंदी में किए गए काम के आधार पर निम्नलिखित पुरस्कार दिए जाते है:-

क्र.सं.	श्रेणी	पुरस्कार राशि (रुपये में)
1.	प्रथम (02 पुरस्कार)	5000/- + प्रमाणपत्र
2.	द्वितीय (03 पुरस्कार)	3000/-+ प्रमाणपत्र
3.	तृतीय (05 पुरस्कार)	2000/- + प्रमाणपत्र
पुरस्कार प्राप्त करने के बारे में संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के सेवा विवरणों में समुचित उल्लेख किया जाएगा।		
पुरस्करों का निर्धारण मूल्यांकन हेतु गठित समिति द्वारा नियमानुसार किया जाएगा।		

3. **पुरस्कार हेतु मापदंड**

क्र.सं.	मापदंड	अंक
1	हिंदी में किए गए काम की मात्रा	70
2	विचारों की स्पष्टता	30
	कुल	**100**
नोट	जिन प्रतियोगियों की मातृभाषा तमिल, तेलगू, कन्नड़, मलयालम, उड़िया या असमिया है।	अतिरिक्त 20 प्रतिशत अंकों का लाभ

4. 01 सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 तक के मूल्यांकन किए जाने वाला हिंदी कार्य का विवरण प्रतिभागियों द्वारा अपने उच्चाधिकारी या विभागाध्यक्ष द्वारा सत्यापित कर संलग्न प्रपत्र में दिनांक 10.09.2025 (बुधवार) तक हिंदी सेल (नर्सींग कॉलेज- तृतीय तल) को प्रेषित किया जाए।

भवदीय,

मुकेश पाल 1/9/25

(मुकेश पाल)
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं
प्रभारी अधिकारी (राजभाषा)
एम्स ऋषिकेश

प्रति,

समस्त विभाग/अनुभाग/प्रकोष्ठ/अधिकारी/कर्मचारी
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश

प्रतिलिपि:-

1. कार्यकारी निदेशक् के प्रधान निजी सचिव, एम्स ऋषिकेश को सूचनार्थ।
2. गार्ड फाइल
3. वेबसाईट समिति – वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

प्रपत्र

हिंदी में किए गए कार्य का रिकॉर्ड

श्री/श्रीमती/कुमारी ....

पदनाम ....

विभाग/अनुभाग ....

दिनांक 01 सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 तक किए जाने वाले हिंदी के मूल कार्य का विवरण

क्र.सं.	दिनांक	मूल फाइलें, रजिस्टर आदि की संख्या जिनमें हिंदी में कार्य किया गया	हिंदी में लिखे गए टिप्पणी और आलेखों के शब्दों की संख्या	हिंदी में किए गए अन्य कार्य का संक्षिप्त विवरण	हिंदी में किए गए कार्य के शब्दों की कुल संख्या	उच्च अधिकारी/विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर

नोट- कृपया भौतिक पुष्टि हेतु हिंदी कार्य की हार्ड कॉपी हिंदी सेल को प्रेषित करे।